# राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

RAJA SHANKAR SHAH UNIVERSITY, CHHINDWARA (M.P.),

P.G. College Campus Dharam Tekri, Chhindwara Phone (o)- 07162-230266 Email-registrar.cuc@mp.gov.in


आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्र क्र. 10247/परीक्षा/छि.वि.छि./2023 छिंदवाड़ा दिनांकः 20/03/2023

## * अधिसूचना*

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय के पत्र क्रमांक 874/88/सी.सी./22/38 भोपाल दिनांक 04/11/2022 के परिपालन में निम्नानुसार निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू किये जाने के कारण राज्य शासन द्वारा अकादमिक सत्र 2021–22 में नवीन आकदमिक संरचना लागू की गयी है। सत्र 2021–22 के पूर्व की पद्धति से स्नातक प्रथम वर्ष उत्तीर्ण/पूरक विद्यार्थी को द्वितीय वर्ष में नियमित प्रवेश प्रदान किया जा सकता है। नियमित प्रवेश प्राप्त विद्यार्थी को अध्यादेश 14A/14B के अनुसार शिक्षण एवं परीक्षा में शामिल किया जाये। विद्यार्थी ने प्रथम वर्ष में जो अंक प्राप्त किए हैं इन अंकों के ग्रेड प्वाइंट में शासन के पत्र क्रमांक 874/88/सी.सी./22/38 भोपाल दिनांक 04/11/2022 के आधार पर परिवर्तित किया जायेगा। उदाहरणार्थ

A यदि किसी विद्यार्थी ने बी.एस.सी. प्रथम वर्ष गणित,भौतिक,रसायन विषय से बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं द्वितीय वर्ष में NEP 2020 के अंतर्गत प्रवेश लेना चाहता है तो प्राप्तांको की गणना निम्नानुसार होगी एवं उसे निम्नानुसार अतिरिक्त क्रेडिट अर्जित करने होंगे।

| क्र. | विषय | क्रेडिट की गणना | | अंको की गणना |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रश्न पत्रों की कुल संख्या | क्रेडिट मान | |
| 1 | मेजर | प्रथम एवं द्वितीय | 12 | प्राप्तांको की आनुपाति गणना 100 अंको के समतुल्य मानकर की जाएगी। |
| 2 | माइनर | प्रथम, द्वितीय एवं प्रायोगिक | 06 | ——"—— |
| 3 | वैकल्पिक | प्रथम, द्वितीय एवं प्रायोगिक | 06 | ——"—— |
| 4 | आधार पाठ्यक्रम | प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय | 08 | ——"—— |
| | | योग | 32 | |

NEP 2020 में प्रथम वर्ष की कक्षा में कुल 40 क्रेडिट मान अर्जित करने होते है। लेकिन उपरोक्त पाठ्यक्रम में विद्यार्थी के द्वारा 32 क्रेडिट अर्जित किए गए है। अतः 08 क्रेडिट निम्नानुसार अर्जित करना होगें।

(1) व्यावसायिक पाठ्यक्रम एक प्रश्नपत्र — क्रेडिट 04

(2) फील्ड प्रोजेक्ट/परियोजना कार्य/ इंटर्नशिप/एप्रेन्टिसशिप एवं कम्यूनिटी एंगेजमेंट — क्रेडिट 04

**कुल योग — क्रेडिट 08**

द्वितीय वर्ष की कक्षा NEP 2020 पाठ्यक्रम के साथ प्रथम वर्ष के 08 क्रेडिट अनिवार्य रूप से अर्जित करने होंगे।

**अथवा**

**स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा पुरानी पद्धति से आयोजित की जाए।**

**नोट :–** (A) पुरानी पद्धति से स्नातक प्रथम वर्ष उत्तीर्ण विद्यार्थी की अंकसूची को उपरोक्तानुसार ग्रेड शीट में परिवर्तित किया जाए। इस ग्रेड शीट के आधार पर द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की ग्रेड शीट में Annual Grade Average (AGPA) की प्रविष्टि की जायेगी।

(B) यदि विद्यार्थी ने द्वितीय वर्ष में नियमित प्रवेश लिया है तो द्वितीय वर्ष का परीक्षा फार्म एवं प्रथम वर्ष की 08 क्रेडिट अर्जित करने हेतु प्रथम वर्ष का परीक्षा फार्म भरना होगा।

**बिन्दु क्रमांक 2.** NEP प्रथम में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के संबंध में दिशा निर्देश :–

NEP प्रथम वर्ष में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के विषय पर निर्णय लिया गया कि ऐसे छात्र जो NEP पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष में अनुत्तीर्ण हो जाते है वे चालू सत्र में पुनः नियमित विद्यार्थियों के रूप में उसी कक्षा एवं विषयों की परीक्षा में बैठेगें, किन्तु ऐसे सभी छात्रों को नियमित परीक्षार्थियों के रूप में उसी कक्षा में निर्धारित अवधि में पाठ्यक्रम पूर्ण कर उत्तीर्ण करना होगा अन्यथा की स्थिति में उन्हें स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देनी होगी। ऐसे छात्रों को छात्रवृत्ति की पात्रता नहीं होगी।

**बिन्दु क्रमांक 3.** पूरक परीक्षा के संबंध में दिशा निर्देश :–

मेजर विषय में दो प्रश्नपत्र होते हैं लेकिन यदि एक प्रश्नपत्र में विद्यार्थी अनुत्तीर्ण है तो पूरक परीक्षा एक प्रश्नपत्र की ही देना होगी। आधार पाठ्यक्रम में भी यही नियम लागू होगा। आधार पाठ्यक्रम में प्रथम प्रश्नपत्र (हिन्दी+अंग्रेजी) या द्वितीय प्रश्नपत्र (योगा+पर्यावरण) जिस प्रश्नपत्र में पूरक है उसी प्रश्नपत्र की परीक्षा देना होगी।

आधार पाठ्यक्रम में प्रथम प्रश्नपत्र (हिन्दी+अंग्रेजी) या द्वितीय प्रश्नपत्र (योगा+पर्यावरण) एक प्रश्नपत्र के दोनो भाग के अंक मिलाकर 35% प्राप्तांक होने पर उस प्रश्नपत्र में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा। लेकिन पूरक आने पर पूरा प्रश्नपत्र (दोनों भाग) की परीक्षा देना होगी।

**बिन्दु क्रमांक 4.** NEP द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थियों को Major/Minor/Elective विषय का चयन उसी Group में से करना हैं जो कि प्रथम वर्ष की परीक्षा में लिया गया था। उदाहरण के लिए जैसेः–

किसी परीक्षार्थियाकें ने आधार पाठ्यक्रम के साथ भौतिकी, रसायनशास्त्र व गणित विषय लिया हो तो वह तीनों विषयों में से किसी एक विषय को Major शेष अन्य दो विषयों में से किसी एक विषय को Minor एवं शेष एक विषय को Elective के रूप में चयन कर सकता है। परीक्षार्थी को साथ में Vocational Course (4 Credit) एवं internship/Field Project/Community Engagement Services (4 Credit) का भी चयन किया जावेगा।

परीक्षा नियंत्रक
राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

पृ.क्र. 10248/परीक्षा/राशंशावि/2023
छिंदवाड़ा दिनांकः 20/03/23

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति महोदय के निज सहायक, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा की ओर माननीय कुलपतिजी के अवलोकनार्थ।
2. प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. परीक्षा/गोपनीय शाखा राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा की ओर सूचनार्थ।
4. आई.टी. शाखा राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहायक कुलसचिव
राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा